### भारत भवन में आयोजित 43वें वर्षगांठ समारोह में हुई विविध सांगीतिक प्रस्तुति

# लैंडस्कैप ऑफ इटर्निटी में प्रस्तुत हुआ जैज म्यूजिक और शास्त्रीय संगीत का अनोखा प्रयोग

**भोपाल (काप्र)।**

भारतीय कलाओं के विविध रंगों को पिछले चार दशकों से अधिक समय से खुद में समेटे हुए निरन्तर आगे बढ़ रहा बहुकला केंद्र भारत भवन अपने नवाचारों और प्रयोगों के लिए विख्यात है। बहुकला केंद्र का 43वा वर्षगांठ समारोह इसी बात का प्रमाण है। जहां एक तरफ भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य की कलाओं का समावेश है तो दूसरी तरफ लोक संगीत और लोक कलाओं के अनूठे रंग।

एक ऐसे ही अनूठे रंग और प्रयोग का दीदार हुआ सोमवार को आयोजित संगीत सभा में। जहां कलाप्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय कला के विविध आयाम देखने को मिला। जहां लैंडस्कैप ऑफ इटर्निटी- क्लासिकल क्वार्टेड की प्रस्तुति हुई। बांसुरी, सरोद, तबला और स्वरमंडल के साथ राग, सुर और ताल का अनोखा तालमेल देखने को मिला। आलियांस फ्रांसीस द आर्ट गैलरी के सहयोग से आयोजित



इस प्रस्तुति में फ्रांस की कलाकार नायसम जलाल का बांसुरी वादन हुआ। इस प्रस्तुति में सम्राट पंडित ने गायन के साथ स्वरमंडल और तानपुरा, सौगत राय चौधरी ने सरोद और शुभजीत ब्रह्मचारी ने तबले पर नायसम का खूब साथ निभाया। लगभग एक घंटे से अधिक चली इस प्रस्तुति में कलाकार ने वाद्ययंत्रों के बेहतर तालमेल का परिचय देते हुए संगीत की सुमधुर प्रस्तुति दी।

मूलत: सीरिया में जन्मी नायसम वर्तमान में फ्रांस में रहती है। कुछ वर्ष पहले भारत भ्रमण पर आई नायसम भारतीय शास्त्रीय संगीत से इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने सात समन्दर पार रहते हुए इस कला को अपनाने का निर्णय लिया। संगीत के प्रति की साधना नायसम की प्रस्तुति में दिखाई देती है। आज की इस प्रस्तुति के लिए उन्होंने पांच अलग अलग कंपोजिशन का चयन किया। प्रस्तुति का आरम्भ कलाकारों ने राग भैरव पर केंद्रित बंदिश से की। इसमें कलाकारों ने बांसुरी और सरोद के तारों से निकलते सुर से सुहानी सुबह की वादियों और प्रकृति के प्रेम को बताने का प्रयास किया। इसके बाद सम्राट पंडित ने राग काफी में कबीर के दोहे कहे कबीर जग सिद्ध में, गीत प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के क्रम को आगे बढ़ाते हुए कलाकारों ने टियर्स इन दिल्ली को पेश किया। वहीं चंदा चमके हर घट, की प्रस्तुति के बाद कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति को विराम राग काफी में आई प्रे टू द डिवाइन, की प्रस्तुति के साथ किया। नायसम की इस प्रस्तुति में जैज म्यूजिक और भारतीय शास्त्रीय संगीत का अनूठा प्रयोग देखने को मिला। समारोह में पूर्वरंग में विहान ड्रामा समूह के कलाकारों ने रंग संगीत की प्रस्तुति दी। इसमें कलाकारों ने सौरभ अनंत के निर्देशन में नाटक चरणदास चोर सहित ब. व कारंत के नाटक से जुड़े गीतों को पेश किया। वहीं प्रस्तुति का समापन कलाकारों ने सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता खूब लड़ी मर्दानी...की प्रस्तुति दी।

## मुख्यमंत्री ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर के साथ धाम में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

**भोपाल (काप्र)।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुंदेलखंड को फीनिक्स के पक्षी की तरह राख से निकलकर जीवित होने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यहां के वीर योद्धाओं को उनकी वीरता और अद्वितीय पराक्रम के लिये सदैव याद किया जायेगा। बुंदेलखंड के गौरवशाली व्यक्तित्व जैसे आल्हा उदल, महाराजा छत्रसाल जैसे लोगों से बुंदेलखंड गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंसन सेंटर में बागेश्वर धाम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संभावित आगमन के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा में यह बाते कहीं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूर्ण गरिमामय होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं रखी जायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां पर पहली नदी जोड़ो परियोजना, पहला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एवं पहला फाइव स्टार होटल इसी बुंदेलखंड की धरती पर स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं कैंसर हॉस्पिटल के भूमि पूजन हेतु पधार रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक पल होगा। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यह पहला मौका होगा जहां मंदिर में अस्पताल होगा। उन्होंने सभी का धन्यवाद दिया। श्री शर्मा ने कहा कि बुंदेलखंड हरा भरा और समृद्ध शाली बनें। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के त्वरित गवर्नेंस की प्रशंसा करते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड पर तो राजनैतिक पर्यटन तो बहुत लोगों ने किया। बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने की परिसंवाद करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव आगे आए और उनका सहयोग रहा। इससे आज के समय में यह परिसंवाद बुंदेलखंड के लिए प्रसंगिग है।

इससे बुंदेलखंड की तस्वीर बदलेगी। इस अवसर पर सांसद खजुराहो वी.डी. शर्मा, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार सहित विधायक छतरपुर श्रीमती ललिता यादव, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री, पूर्व विधायक उमेश शुक्ला, पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर शास्त्री, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का मौका मुआयना किया। उन्होंने निर्देश दिये कि समय-सीमा में बेहतर तैयारियां सुनिश्चित की जायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाजी मंदिर में पीठाधीश्वर श्री शास्त्री के साथ पूजा अर्चना की।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जीआईएस आयोजन के लिए शीर्ष-समिति गठित

**भोपाल (काप्र)।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में 24-25 फरवरी, 2025 को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के आयोजन की तैयारियों, आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने, विभिन्न विभागों के समन्वय स्थापित करने एवं समिट के व्यवस्थित आयोजन के लिये शीर्ष समिति का गठन किया गया है।

समिति में उप मुख्यमंत्री, वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल, लोकसभा सांसद खजुराहो वी.डी. शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं प्रभारी मंत्री जिला भोपाल चेतन्य काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद भोपाल आलोक शर्मा, विधायक हुजूर रामेश्वर शर्मा, विधायक बैरसिया विष्णु खत्री, विधायक भोपाल भगवान दास सबनानी, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष भोपाल श्रीमती रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर, नगर निगम अध्यक्ष भोपाल किशन सूर्यवंशी सदस्य नामांकित किये गये हैं।

मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन अनुराग जैन, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति निवेश एवं प्रोत्साहन तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सचिव, जनसम्पर्क तथा आयुक्त, जनसम्पर्क तथा प्रबंध संचालक माध्यम (अ.प्र.)सुदाम खाड़े और प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम तथा आयुक्त विमानन चन्द्रमौली शुक्ला भी सदस्य नामांकित किये गये हैं।

## राज्य सरकार द्वारा हो भेल की मुख्य सड़कों का पुनरुद्धार



भोपाल। एआईबीईयू यूनियन के महासचिव एवं निफ्टू के प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण गिरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गोविंदपुरा की लोकप्रिय विधायक एवं राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर से मिला।

प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन संबद्ध निफ्टू की ओर से निफ्टू मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी आशीष सोनी, प्लांट कमेटी एवं केंद्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य व निफ्टू के राष्ट्रीय सचिव विशाल वाणी, एवं नगर सलाहकार समिति के सदस्य योगेश देवस्कर सम्मिलित हुये। यूनियन टाऊनशिप की मुख्य सड़कों के निर्माण हेतु समय-समय पर मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर को ज्ञापन के माध्यम से सुचित करता रहता है एवं आज भी यूनियन द्वारा पुन: आग्रह किया गया है कि गोविंदपुरा में स्थित बीएचईएल एक अभियांत्रिकी उपक्रम है जिसकी उद्योगनगरी आपके विधानसभा की शान है। आपके प्रयास से पूर्व मे उद्योगनगरी एवं इसके आसपास की सेटेलाइट कॉलोनियों की मुख्य सड़कों का निर्माण कराया गया था परंतु रखरखाव के अभाव मे ये सड़के पुन: जर्जर होती जा रही है। आपके क्षेत्र में विकास कार्यों की गंगा बह रही है ऐसे में इस क्षेत्र मे रहने वाले नागरिकों को भी सुविधाएं प्राप्त होनी चाहिए और आपने हमेशा यहाँ के नागरिकों के प्रति अपने दायित्व का निर्वाहन किया है।

अत: बीएचईएल उद्योगनगरी एवं उसके आसपास के सेटेलाइट कोलोनियों को जोड़ने वाली मुख्य सड़कों का पुनरुद्धार एवं आवश्यक निर्माण करवाने का कष्ट करें। मंत्री गौर ने आश्वासन दिया है कि आपकी इस माँग को आवश्य रूप से पूर्ण किया जाएगा।

## सौरभ शर्मा और उसके दोनों सहयोगी न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए

**भोपाल (काप्र)।** मध्यप्रदेश में परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी शरद जायसवाल तथा चेतन सिंह गौर को आज रिमांड अवधि पूर्ण होने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत के समक्ष पेश किया, जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

ईडी ने सख्त सुरक्षा प्रबंधों के बीच तीनों आरोपियों को यहां जिला अदालत परिसर में विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया। ईडी ने और रिमांड की मांग नहीं की। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद सौरभ, शरद और चेतन को अदालत के आदेश पर दो सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए गए। इसके बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। कोर्ट में लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा और उसके दोनों साथियों की आगे की कस्टडी की मांग नहीं की, इसके बाद कोर्ट ने तीनों को 14 दिन की न्याय हिरासत में भेज दिया है। हालांकि एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ने सौरभ शर्मा, चेतन और शरद जायसवाल की कस्टडी के लिए आवेदन लगाया है। अभी तक सिर्फ लोकायुक्त में सौरभ शर्मा और उसके दोनों सहयोगियों से पूछताछ की है जबकि इस केस में एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों को भी पूछताछ करना है। सौरभ और उसके दोनों साथियों को 41 दिनों तक फरार रहने के बाद 28 जनवरी को लोकल पुलिस ने हिरासत में लिया था, इससे पहले 27 जनवरी को सौरभ ने सरेंडर करने के लिए कोर्ट के सामने आवेदन दिया था।

लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ के साथी चेतन गौर की कार से 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपये नकद बरामद किया था। इसके अलावा सौरभ के घर से लोकायुक्त पुलिस ने 234 किलो से अधिक चांदी और करोड़ों रुपये कैश बरामद किया था।

आज लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ और उसके साथी चेतन गौर को लोकायुक्त कोर्ट में पेश किया। इस केस में तीसरे सह आरोपी शरद जायसवाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच के दौरान लोकायुक्त की टीम को 19 दिसंबर को परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ के भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित घर और ऑफिस से पुलिस ने 2.95 करोड़ की नगदी और करीब 50 लाख के सोने चांदी के जेवरात, 234 किलो चांदी और जमीनों के दस्तावेज बरामद हुए थे।

### सेवादारियों का सम्मान होगा मां के मंदिर में 26 को

**भोपाल (हिनप्र)।** नुक्कड वाली माता मंदिर समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को शाम 6 बजे शिवजी का महापूजन किया जाएगा। मंदिर में श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा में सहयोग करने वाले सेवाधारियों का सम्मान भी किया जाएगा। समिति प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विष्णु विश्वकर्मा, विहिप बजरंग दल नेता विशाल पुरोहित, आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, संत हिरदाराम गर्ल्स कालेज के हीरो ज्ञानचंदानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बसंल, संस्कार स्कूल सचिव बसंत चेलानी, पत्रकार संस्थापक अध्यक्ष कमल मनसुखानी, रामचंद सबनानी, सिंधी सेंटल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, पत्रकार संघ के अध्यक्ष संदीप पाठक, बजरंग सेना समिति कमलेश देवानी, रोहित परमार, डॉ खेमचंदानी, हीरो हिन्दू, वासु ठेकेदार, दिलीप दीनानी, राज बालचंदानी, रमेश किशनानी सच्चा सोदा, अमित दीक्षित, मैथाली शर्मा का सम्मान करेगी।

## बेहटा गांव में विकास कार्य तेज, बिछाई जा रही सीवेज लाइन

**भोपाल (हिनप्र)।** वार्ड चार में बेहटा गांव श्रीराम मंदिर के पास सीवेज लाइन बिछाने के लिए भूमिपूजन किया गया, 9 लाख रूपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन एमआईसी सदस्य और वार्ड पार्षद राजेश हिंगोरानी ने किया।

भूमिपूजन करते हुए हिंगोरानी ने कहा कि लंबे समय से सीवेज लाइन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मैंने जो भी वादे किए है, वह पूरे करना मेरी ड्यूटी है। मेरा लक्ष्य मौजूदा कार्यकाल में अपने हर वादे को पूरा करूं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी ने कहा भाजपा के जनप्रतिनिधि विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं।

वार्ड चार में लगातार प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य हो रहे हैं। इलाके में सीवेज लाइन का काम होने से स्वच्छता रहेगी। गंदा पानी नहीं बहेगा। रहवासियों ने कहा, क्षेत्र की सालों पुरानी समस्याओं का निदान हो रहा है।



## 53 पुलिस वालों में से 17 को दृष्टिदोष



**भोपाल (हिनप्र)।**

लंबी ड्यूटी तथा अत्यधिक कार्य का बोझ होने के कारण पुलिसकर्मी अपने स्वास्थ्य की प्रति सजग नहीं रहते। सेवासदन चिकित्सालय का पुलिस कर्मियों की सेहत की जांच के लिए शिविर सराहनीय है।

यह बात डीसीपी जितेंद्र पवार ने कही। वे गांधीनगर पुलिस कर्मियों के आंखों एवं स्वास्थ्य की जांच के लिए सेवासदन द्वारा आयोजित शिविर के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। शिविर में 53 व्यक्तियों ने अपनी आंखों एवं स्वास्थ्य की जांच कराई, जिनमें 17 को दृष्टिदोष पाया गया जबकि 6 व्यक्तियों को सेवासदन नेत्र चिकित्सालय जाकर अपनी नेत्र रोगों का इलाज करवाने की सलाह दी गई । सभी 53 बाह्य रोगियों को नि:शुल्क ड्रॉप्स और 23 व्यक्तियों को चश्में वितरित किये गये । जांच में 08 रोगियों का ब्लड प्रेशर तथा 07 रोगियों की डायबिटीज़ का लेवल बढ़ा हुआ पाया गया । इस अवसर पर गांधीनगर थाना प्रभारी सुरेश कुमार, समाजसेवी डॉ. मुरलीधर भगतानी, पूज्य सिंधी पंचायत गांधीनगर के अध्यक्ष अशोक प्रेमानी, झूलेलाल मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष खूबचंद भागचंदानी भी उपस्थित थे।


# कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भोपाल मण्डल भोपाल पुराना सचिवालय भोपाल

दूरभाष 0755-2738774,E-mail_ID_seresbhopal@gov.in

## निविदा विज्ञप्ति क्र. 07/2024-25

क्रमांक 291 दिनांक:-14.02.2025

मण्डल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ग्रायांसे संभागीय कार्यालय | सिस्टम टेण्डर नम्बर | आमंत्रण का क्रम | कार्य का नाम | निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजगढ़ | 2025_RES_402789_1 | प्रथम | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य मेला ग्राऊण्ड जमात मंदिर के पास विकासखण्ड नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ | 123.47 |
| 2 | राजगढ़ | 2025_RES_402788_1 | प्रथम | शाला भवन निर्माण कार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम उमरी विकासखण्ड नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ | 114.65 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट), वेबसाईट: https://mptenders.gov.in ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किय जा सकेंगे। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि. 20.02.2025 समय 18:00 बजे है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक 07.03.2025 समय 18.00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएँ केवल वेबसाइट पर दी जावेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-23159/24

**अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**भोपाल मण्डल भोपाल**



## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री नंदिनी मकवाना पुत्री श्री घनश्याम मकवाना निवासी 889, जनता क्वाटर, सरकारी स्कूल के सामने, कोटरा, भोपाल (म.प्र.) में निवास करता हूँ मेरी पुत्री का नाम नंदिनी मकवाना है मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नंदिता मकवाना लिखा गया आवश्यक दस्तावेज जैसे शैक्षणिक दस्तावेज एवं जन्म प्रमाण पत्र आदि मे नंदिनी मकवाना लिखा हुआ है मेरी पुत्री को नंदिनी मकवाना के नाम से ही जाना-पहचाना जाता है। अत: सर्वसाधारण को सूचित हों

**पुराना नाम : नंदिता मकवाना**
**नया नाम : नंदिनी मकवाना**

**प्रार्थी**
3602 **घनश्याम मकवाना**



Presiding Officer:**रवि नायक**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC /0600019/2014
**फूल सिंह..... वादी Vs**
**गोपाल सिंह..................... प्रतिवादी**
**Process ID/2023 पेशी दि.: 25/03/2025**

**प्रेषिती-1.** (1) मेवा बाई पति स्व. कमरलाल पता-ग्राम खेजडाघाट तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.(2)लक्ष्मी बाई पिता रघुवीर पता-ग्राम सोनकच्छ तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. (3) जमुनालाल पिता मांगीलाल पता-ग्राम तोडी तहसील ब्यावरा जिला राजगढ म.प्र. (4)शांति बाई पिता मांगीलाल पता- ग्राम खेजडाघाट तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. (5) इमरतलाल उर्फ इमरत सिंह पिता मांगीलाल पता-ग्राम तोडी तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. (6) बैजन्ती बाई पिता रघुवीर सिंह पता ग्राम कनेरा तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. (7) दौलत बाई पिता मांगीलाल पता-ग्राम तेलीगांव तहसील चाचोरा जिला गुना म.प्र. (8) ज्योति पिता रघुवीर पता- ग्राम सोनकच्छ तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. यह कि प्रार्थी फूलसिंह ने आपके विरूद्ध आदेश 9 नियम 9 सीपीसी अधिनियम 1908 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 19 December 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दे:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

**रवि नायक, न्यायाधीश**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बैरसिया, जिला भोपाल (म.प्र.)**
एजी



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

### आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक-249/बी मण्डल द्वारा श्री सुशील कुमार पाण्डे आत्मज श्री गिरीश चन्द्र पाण्डे के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 26/08/1992 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 20/09/2024 को पंजीकृत है। श्री सुशील कुमार पाण्डे आत्मज श्री गिरीश चन्द्र पाण्डे द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती नाहीद जहाँ पत्नी श्री मोहम्मद यूनुस को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07/10/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती नाहीद जहाँ पत्नी श्री मोहम्मद यूनुस के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाह की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/ संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नह की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

3598 **सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

### आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.- 89 मण्डल द्वारा श्री दीपक उफाले आत्मज स्व. श्री कमलाकर गोविन्द उफाले के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13/08/1981 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 29/01/2025 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2045 तक वैध है। श्री दीपक उफाले आत्मज स्व. श्री कमलाकर गोविन्द उफाले द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री संदीप राय आत्मज श्री गोकुल प्रसाद राय को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 17/02/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री संदीप राय आत्मज श्री गोकुल प्रसाद राय के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी /संस्था /वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

3599 **सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

### आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक-ए/788 मण्डल द्वारा श्रीमती सरस्वती पत्नी श्री प्रेम नारायण के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 29/06/1992, एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 25/10/2024 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2044 तक वैध है। श्रीमती सरस्वती पत्नी श्री प्रेम नारायण द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री सलमान खान आत्मज श्री रहमत उल्ला खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10/02/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री सलमान खान आत्मज श्री रहमत उल्ला खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

3600 **सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

### आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- एस/759 मण्डल द्वारा श्री रमेश चन्द्र चौहान आत्मज स्व. श्री उम्मेद सिंह चौहान के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/07/1993 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 09/04/2014 को पंजीकृत किया गया है। श्री रमेश चन्द्र चौहान का स्वर्गवास दिनांक 21/01/2016 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पत्नी श्रीमती कुसुम बाई पत्नी स्व. श्री रमेश चन्द्र चौहान द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 16 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

3601 **सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**